कार्यालय जिला न्यायाधीश,मेरठ।

आदेश संख्याः २५ दिनॉक ०९.०१.२५

आदेश

माननीय उच्च न्यायालय , इलाहाबाद द्वारा जनपद न्यायालयो के प्रयोग हेतू जारी किये गये वर्ष 2025 के कलैण्डर की टिप्पणी संख्या–03 में यह निर्देश निर्गत किये गये है कि जनपद न्यायाधीश पॉच दिवस का स्थानीय अवकाश जिला मजिस्ट्रेट से विचार विमर्श करके निश्चित एवं घोषित करेंगे।

अध्यक्ष एवं सचिव मेरठ बार एसोसियेशन तथा अध्यक्ष एवं सचिव जिला बार एसोसियेशन मेरठ द्वारा अलग–अलग अनुरोध किया गया है कि कुछ अवसरो/त्यौहारो पर जिला मजिस्ट्रेट, मेरठ द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है परन्तु उन दिवसो में सिविल कोर्ट यथावत खुला रहेगा। उनके द्वारा यह भी अनुरोध किया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कुछ अवसरो/उत्सवो पर स्थानीय अवकाश घोषित किया जाये।

अध्यक्ष एवं सचिव मेरठ बार एसोसियेशन तथा अध्यक्ष एवं सचिव जिला बार एसोसियेशन मेरठ के अनुरोध को दृष्टिगत रखते हुये एवं जिला मजिस्ट्रेट, मेरठ की सहमति से जनपद न्यायालय, मेरठ तथा बाह्य स्थित न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) मवाना एवं सरधना में निम्न प्रकार स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है।

क0सं0	पर्व/त्यौहार का नाम जिस पर स्थानीय अवकाश रहेगा	दिनॉक	दिवस
1	होली	15.03.2025	शनिवार
2	रमजान का अन्तिम शुक्रवार	28.03.2025	शुक्रवार
3	डा0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती	14.04.2025	सोमवार
4	श्रावन शिवरात्री	23.07.2025	बुधवार
5	दशहरा महानवमी	01.10.2025	बुधवार

जनपद न्यायालयो के प्रयोग हेतू माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी किये गये वर्ष 2025 के कलैण्डर की टिप्पणी संख्या–07 में यह भी अंकित किया गया है कि यदि कोई त्यौहार या राष्ट्रीय पर्व द्वितीय शनिवार या रविवार को पडता हे तो जिला न्यायाधीश उसके स्थान पर अतिरिक्त दिवस को अवकाश घोषित कर सकते है। वर्ष 2025 के कलैण्डर के अनुसार 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस, 06 अप्रैल रामनवमी तथा 06 जुलाई मोहर्रम रविवार को निश्चित है।

अतः कलैण्डर की टिप्पणी संख्या–07 में दिये गये निर्देशो के अनुपालन में निम्न प्रकार अतिरिक्त दिवसो का अवकाश घोषित किया जाता है।

क0 सं0	अवकाश जो राष्ट्रीय पर्व/द्वितीय शनिवार या रविवार को निश्चित है।	दिनॉक जिस पर पर्व है	अतिरिक्त अवकाश दिवस एवं उसका अवसर	
1	गणतन्त्र दिवस (रविवार)	26.01.2025	22.10.2025 बुधवार	गौवर्धन पूजा
2	रामनवमी (रविवार)	06.04.2025	23.10.2025 बृहस्पतिवार	भैय्यादूज/ चित्र गुप्त जयन्ती

दिनॉक 06.07.2024 रविवार को मोहर्रम का पर्व नियत है। यदि स्थानीय चन्द्र दर्शन के अनुसार मोहर्रम का पर्व दिनॉक 06.07.2025 को ही रहता है तो उसके स्थान पर 05.11.2025 को गुरू नानक जयन्ती के अवसर पर अवकाश रहेगा।

तदानुसार उपरोक्त दिवसो पर जनपद न्यायालय ,मेरठ तथा बाह्य स्थित न्यायालय सिविल जज़ (जू0डि0)मवाना एवं सिविल जज (जू0डि0)सरधना, मेरठ बन्द रहेगें।

09/01/2025

माननीय उच्च न्यायालय को अवगत कराया जाये। इस आदेश की एक प्रति जनपद न्यायालय, मेरठ तथा बाह्य स्थित न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)मवाना तथा सिविल जज (जू0डि0)सरधना के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये।

(रजेत सिहँ जैन)
जिला न्यायाधीश,
मेरठ।

प्रतिलिपि निम्न लिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–
1–सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ।
2–प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड, मेरठ।
3–जिलाधिकारी, मेरठ।
4–वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मेरठ।
5–अध्यक्ष/सचिव ,मेरठ बार एसोसियेशन, मेरठ।
6–अध्यक्ष/सचिव जिला बार एसोसियेशन, मेरठ।
7–अध्यक्ष/सचिव, बार एसोसियेशन, सरधना, मेरठ।
8–अध्यक्ष/सचिव, प्रगति बार एसोसियेशन, सरधना।
9–अध्यक्ष/सचिव, मवाना बार एसोसियेशन, मवाना, मेरठ।
10–अध्यक्ष/सचिव, सिविल बार एसोसियेशन, मवाना, मेरठ।
11–जिला शासकीय अधिवक्ता, सिविल, मेरठ।
12–जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी, मेरठ।
13–संयुक्त निदेशक, अभियोजन, मेरठ परिक्षेत्र, मेरठ।
14–वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी, मेरठ।
15–अधीक्षक, जिला कारागार, मेरठ।
16–जिला सूचना अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त सूचना को स्थानीय समाचार पत्रो में निशुल्क प्रकाशित कराये।

प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी,
जनपद न्यायालय, मेरठ।